# बड़ा पछताओगी ओ गौरा रानी

बड़ा पछताओगी ओ गौरा रानी

बड़ा, पछताओगी, ओ गौरा रानी ॥
ओ गौरा रानी, ओ गौरा रानी ॥
जो भोले संग, ब्याहोगी, ओ गौरा रानी ॥
बड़ा, पछताओगी, ओ गौरा रानी...

भोले के, सिर पर, लम्बी जटाएं ॥
कैसे, सुलझाओगी, ओ गौरा रानी ॥
बड़ा, पछताओगी, ओ गौरा रानी...

भोले की, जटायों में, गंगा बहत है ॥
डूब, तुम जाओगी, ओ गौरा रानी ॥
बड़ा, पछताओगी, ओ गौरा रानी...

भोले के, माथे पे, चंदा विराजे ॥
ठिठुर, तुम जाओगी, ओ गौरा रानी ॥
बड़ा, पछताओगी, ओ गौरा रानी...

भोले के, गले में, सर्प विराजे ॥
कि डर, तुम जाओगी, ओ गौरा रानी ॥
बड़ा, पछताओगी, ओ गौरा रानी...

भोले के, हाथों में, डमरू विराजे ॥
झूम, तुम जाओगी, ओ गौरा रानी ॥
बड़ा, पछताओगी, ओ गौरा रानी...

पीतें, सदा ही, वो भंगिया के प्याले ॥
घोट, थक जाओगी, ओ गौरा रानी ॥
बड़ा, पछताओगी, ओ गौरा रानी...

भोले के, संग में, नंदी विराजे ॥
कहाँ, तुम बैठोगी, ओ गौरा रानी ॥
बड़ा, पछताओगी, ओ गौरा रानी...

भूत-प्रेत, भोले के, साथ में रहतें ॥
तुम, किनसे बतिआयोगी, ओ गौरा रानी ॥
बड़ा, पछताओगी, ओ गौरा रानी...
अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/36548/title/bada-pashtaogi-o-gaura-rani

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |